कार्यालय अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध कमिश्नरेट वाराणसी।

दिनांक : 09.10.2024

प्रेस नोट

श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री मोहित अग्रवाल व **श्रीमान पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्री प्रमोद कुमार** के निर्देशन व **ममता रानी अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध** के कुशल पर्यवेक्षण में **"मिशन शक्ति" का 90 दिवसीय विशेष अभियान {(फेज-05), (शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस-03 अक्टूबर, 2024 से प्रारम्भ)}** कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा **व्यापक प्रचार-प्रसार** के साथ चलाया जा रहा है।

उ0प्र0 शासन की मंशा के अनुरुप पर **अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0, लखनऊ** द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा **"मिशन शक्ति" (फेज-5.0) के 90 दिवसीय विशेष अभियान** के अन्तर्गत 09 आपरेशन का संचालन किया जा रहा है तथा दिनांक 08.010.2024 तक की कार्यवाही का विवरण निम्नवत है—

1. **आपरेशन गरुड़-** महिलाओ एवं बच्चियों से सम्बन्धित साइबर अपराध के पंजीकृत अभियोगो एवं प्रार्थना पत्रों के शत प्रतिशत निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कुल 28 प्रा0पत्र प्राप्त हुए जिसमें 25 का निस्तारण किया जा चुका है।
2. **आपरेशन शील्ड-** एसिड की अवैध बिक्री एवं वितरण के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कुल 136 दुकानों की चेकिंग की गयी किसी भी दुकान पर अवैध एसिड की बिक्री नही पायी गयी।
3. **आपरेशन डिस्ट्राय-** अश्लील सीडी/डीवीडी/पुस्तकें/साहित्य/सामग्री आदि की चेकिंग एवं बरामदगी/जब्तीकरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 384 दुकानों की चेकिंग की गयी किसी दुकान पर अश्लील सामग्री आदि का बिक्रय होना नही पाया गया।
4. **आपरेशन बचपन-** बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल विवाह के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 02 बच्चे बाल श्रम करते हुए पाये गये, 16 बच्चे भिक्षावृत्ति करते हुए

पाये गये जिन्हे थाना ए0एच0टी0/एस0जे0पी0यू0 व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पुनर्वासित कराया गया तथा बाल विवाह के सम्बन्ध में कोई प्रकरण नही पाया गया।

5. **आपरेशन खोज-** गुमशुदा बच्चो/बालिकाओ हेतु रेलवे स्टेशन/बस स्टेशन, बाल गृहो NGO द्वारा खुले संचालित आश्रय गृहों के भौतिक निरीक्षण के क्रम में रेलवे स्टेशन द्वारा संचालित 03 आश्रय गृहों, बस स्टेशन द्वारा संचालित 04 आश्रय गृहों, बाल गृहों द्वारा संचालित 05 आश्रय गृहों तथा NGO द्वारा संचालित कुल 11 आश्रय गृहों भौतिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान देखभाल व सुरक्षा की स्थिति वाले बच्चों की कुल संख्या 120 पायी गयी जिसमें से 06 बच्चों को पुनर्वासित किया गया।
6. **आपरेशन मजनू-** महिला स्कूल/कालेजों के आस-पास तथा वल्नरेबल स्पॉट्स की कुल संख्या 375 तथा अभियान के दौरान कुल 250 चिन्हित अवांछनीय तत्वों व मनचलों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी।
7. **आपरेशन नशा मुक्ति-** शराबी, नशेड़ी एवं अन्य प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन करने वाले अभ्यस्त व्यक्तियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कुल 82 संदिग्ध स्थलों (हॉटस्पॉट) का चिन्हीकरण करते हुए 30 मादक पदार्थ के अभ्यस्त व्यक्तियों को चिन्हित किया गया तथा अभियान के दौरान 02 अभियोगो पंजीकृत किये गये।
8. **आपरेशन रक्षा-** अवैध स्पा सेन्टरों, मसाज पार्लरों/होटलो आदि में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में स्पा सेन्टरों-14 मसाज पार्लरों-17, होटलो-458 में में चेकिंग की गयी चेकिंग के दौरान 1 मसाज पार्लर व 05 होटल अवैध पाये गये जिनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।
9. **आपरेशन ईगल-** महिला सम्बन्धी अपराधों में वांछित/प्रकाश में आये अभियुक्तों तथा जेल से बाहर आये अभियुक्तो के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही 02 व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गयी।

❖ **कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के अन्तर्गत दिनांक: 09.10.2024 को आयोजित कार्यक्रम/जागरुकता अभियान का विवरण:-**

➢ कमिश्नरेट वाराणसी के **प्रमुख चौराहों** पर लगे **बिलबोर्ड** पर **नगर नियंत्रण कक्ष** के माध्यम से **महिलाओ/बालिकाओं व बच्चों की सुरक्षा एवं जागरुकता पर आधारित लघु फिल्मों का प्रसारण किया जा रहा है।**

- समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्ष ,कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा मिशन शक्ति, एण्टी रोमियों की टीमों के माध्यम से **विभिन्न शिक्षण संस्थानों, रोडवेज बस स्टैण्ड, प्रमुख चौराहों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों** पर भ्रमण कर **महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं** के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए जागरुक किया जा रहा है तथा **साइबर अपराध के बारे में** विस्तृत जानकारी देते हुए **सावधानियां बरतने, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, ह्वाट्सएप आदि सोशल साइट्स के माध्यम से होने वाले अपराध एवं सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड** के बारे में जानकारी देते हुए जागरुक किया जा रहा है।
- कमिश्नरेट वाराणसी अन्तर्गत स्थापित **माँ दुर्गा पंडालों** में मिशन शक्ति/एण्टी रोमियो टीमों जाकर महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा व **मिशन शक्ति(फेज-5.0)**अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए जागरुक किया जा रहा है।
- कमिश्नरेट वाराणसी की समस्त **महिला बीट पुलिस अधिकारियों** द्वारा **ग्राम पंचायत/वार्डों में जन-चौपाल** के माध्यम से **मिशन शक्ति(फेज-5.0)** अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

अभियान के दौरान वन स्टॉप सेंटर पर कुल 181 महिलाओं को भेजा गया, जिसमें से 09 महिलाओं को चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध करायी गयी, 25 महिलाओं की काउंसलिंग कर उनके घर भेजा गया तथा 12 महिलाओं को अस्थाई आश्रय प्रदान किया गया, 26 महिलाओं को उनके घर सुरक्षित पहुंचाया गया तथा 09 महिलाओं को EMPANELLED LAWYERS SALSA /DALSA की सुविधा उपलब्ध करायी गयी।

(सोशल मीडिया सेल)
अपर पुलिस उपायुक्त,
महिला अपराध
कमिश्नरेट वाराणसी।